Audition Script in Hindi For Male | मोनोलॉग इन हिंदी

पूर्वाभास:

हैलो दोस्तों आज मे आपके लिए कुछ अलग सी कहानी लेकर आया हु आज हम देखेंगे की Audition Script in Hindi For Male। जी हा दोस्तों, दो दोस्त आपस मे बात कर रहे है, एक लड़की है जो की उनमे से एक लड़के से प्यार करती है| बात यह है की ये लड़का उसे नहीं चाहता। इन दोनों के बीच मे बिचारे दूसरे दोस्त का कचुंबर बन गया है |अब आखिर मे क्या दोनों सच मे एक दूसरे से प्यार करती है की कुछ और चक्कर है ।। अब आगे....

पात्र:

छपरी लड़का (उम्र 25-30 वर्ष)

समय:

१ मिनिट ५० सेकंद

Short Audition Script in Hindi For Male | मोनोलॉग ऑडिशन स्क्रिप्ट इन हिन्दी

देख भाई अपुनेने तेरेको पहले ही बोला था ये प्यार व्यार आपुनसे नाही होयेगा, तु जा और उस पागल को बता देना अपुन उसके प्यार व्यार के झमेले मे नहीं पड़ना चाहता। अगर मान गयी तो ठीक वरना किसी लड़की का फोटो दिखाकर बोल देना इससे उसका बहुत पहले से चक्कर चल रहा है, इतना हि नहीं बात सिर्फ फोन पर किस करने तक हि नहीं बल्कि उसके आगे बहुत कुछ होगया है। अपुनको गारंटी है इतना बताने के बाद प्यार का भुत 2 मिनट मे उतर जायेगा।

सुन इधर आ ...अरे इधर आ रे ....तेरेको अंदर की बात बताता हूँ । ये जो लड़किया होती है ना वो अपने बॉयफ्रेंड के साथ कोई दूसरी लड़की को नहीं देख सकती है, भले हि उसके बॉयफ्रेंड ने वादा तोड़कर शराब पी लियी हो तो वो एक बार उसे माफ करेगी वही अगर उसको किसी अनजान लड़की का मैसेज भी आया तो हंगामा खड़ा करेगी। ये सब अपने को अभी नॉर्मल

होगया है रे ,क्या करेगा भगवान ने इतना हैंडसम जो बनाया है । हर दिन कोई ना कोई उठकर चला आता है प्यार करने ।

क्या बोल रेला है ? ये सब तूने पहले हि कर दिया है, लगता है कभी कभार तेरी अकल घास चरने निकल जाति है । उसका फोटो तूने क्यो दिखाया ? वो तो अपनी जानेमन है रे, अगर ये लड़की उस फोटो को ढूंढते हुये उसके घर पहुंची तो अपना शादी से पहले डाइवोर्स कन्फर्म है ।तु मेरा दोस्त नहीं रे इस फिल्म का विलेन है, अब मेरी शादी टूटेगी ..टूटेगी भाई टूटेगी ....मेरी शादी टूटेगी...(म्यूजिक के साथ .) ..उसके बाद कॉमेडी रोने लगता है। अबे भूखे सांड मेरी इधर जान जा रही है और तुझे खाने की पढ़ी है । क्या चायनीज चाहिए और क्या मंचूरियन हा ...पहले जा और मैटर निपटा देना नहीं तो कल के अख़बार मे हैडलाइन आएगी " एक दोस्त ने दूसरे को जान से मार दिया"।

अब तु जा रहा है या अभी चाकू घुसा दू । निकल ।।।
ए भाई एक सिगरेट देना..(टपरिवाले से)....... क्या यार तुम भी हर महीने एक एक रुपया बढ़ाओगे तो कैसा चलेगा, अपने जैस गरीब का वांदा हो जायेगा । चल अभी निकल ता है...पैसा देगा रे...अकाउंट पर लिखके रखना।